Regarding inclusion of Farrukhabad district in Ghaziabad-Kanpur Greenfield Economic Corridor-laid

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद): मेरे संसदीय क्षेत्र फर्रुखाबाद (उ०प्र०) में एक भी फोरलेन सड़क नहीं है जबकि मेरे लोक सभा क्षेत्र में कई विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल स्थित हैं और यहीं फतेहगढ़ में सामरिक महत्व के दो-दो सैन्य रेजीमेंट सेंटर भी स्थापित हैं । व्यापारिक दृष्टिकोण से भी फर्रुखाबाद जनपद आलू एवं मक्का उत्पादन में पूरे भारत वर्ष में प्रथम स्थान रखता है । परंतु हमारा संसदीय क्षेत्र फर्रुखाबाद आज भी विकास की धारा से बहुत पिछड़ा हुआ है । अतः मैं माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि प्रस्तावित गाजियाबाद-कानपुर ग्रीन फील्ड इकोनोमिक कॉरिडोर को फर्रुखाबाद जनपद से होकर निकाला जाए तो गाजियाबाद से कानपुर की दूरी भी बहुत कम हो जाएगी । विगत दिनों कुछ समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि गाजियाबाद-कानपुर ग्रीन फील्ड इकोनोमिक कॉरिडोर की DPR में कुछ परिवर्तन कर इससे फर्रुखाबाद जनपद को हटाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की जनता में काफी रोष व्याप्त है । अतः मैं पुनः माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि जनपद फर्रुखाबाद के चहुमुखी विकास को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित गाजियाबाद-कानपुर ग्रीनफील्ड इकोनोमिक एक्सप्रेसवे से फर्रुखाबाद जनपद को न हटाया जाए बल्कि फर्रुखाबाद जनपद से ही होकर गुजारा जाए ।